प्रादेशिक समाचार

दिनांक–30.07.2024 (दोपहर–1455 बजे)

****

पेरिस ओलंपिक में भारतीय निशानेबाज मनु भाकर और सरबजोत सिंह आज दस मीटर एयर पिस्टलल मिक्सड टीम इवेन्ट में भारत के लिए दूसरा कांस्य पदक जीता। मनु भाकर एक ही ओलंपिक में दो पदक जीतनें वाली पहली भारतीय खिलाड़ी बन गईं हैं। मनु भाकर ने पिछले रविवार को दस मीटर पिस्टल शूटिंग में कांस्य पदक जीतकर भारत के लिए पदकों का खाता खोला था। राष्ट्रपति द्रोपदी मुर्मू और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने मनु भाकर और सरबजोत सिंह को बधाई दी है।

****

चाईबासा के चक्रधरपुर के निकट बड़ा–बंबू स्टेशन के पास हावड़ा–मुंबई मेल ट्रेन की बीस बोगियां आज पटरी से उतर गयीं। इस रेल हादसे में दो यात्रियों की मौत हो गयी जबकि 20 यात्री घायल हैं। रेल दुर्घटना के बाद राहत और बचाव कार्य युद्द स्तर पर चलाया जा रहा है। पश्चिम सिंहभूम के उपायुक्त कुलदीप चौधरी ने कहा कि जिले के विभिन्न कार्यालयों को भी राहत और बचाव कार्यों में लगाया गया है।

****

जिले के पुलिस अधीक्षक आशुतोष शेखर ने कहा कि सुचारू बचाव कार्य सुनिश्चित करने के लिए सुरक्षा बलों को तैनात किया गया है।

****

ट्रेन हादसे के बाद से दक्षिण पूर्व रेलवे के टाटानगर–चक्रधरपुर रेल खंड पर ट्रेन का परिचालन पूरी तरह ठप है। कुछ ट्रेनों को परिवर्तित मार्ग से गंतव्य की ओर भेजा जा रहा है। रेलवे द्वारा दी गयी जानकारी के मुताबिक हाबड़ा–बड़बिल जनशताब्दी एक्सप्रेस, हाबड़ा–कांटाबिंजी इस्पात एक्सप्रेस और खड़गपुर–धनबाद एक्सप्रेस को रद्द कर दिया गया है। जबकि एर्नाकुलम–टाटा एक्सप्रेस को चक्रधरपुर में, बिलासपुर–टाटा एक्सप्रेस को राउरकेला में और हाबड़ा– चक्रधरपुर को आद्रा में शार्ट टर्मिनेट कर दिया गया है। दूसरी ओर कई महत्वपूर्ण ट्रेनों के मार्ग बदल दिये गये हैं।

****

झारखंड विधानसभा के मॉनसून सत्र के तीसरे दिन आज सदन में रोजगार के मुद्दे पर भाजपा विधायकों ने हंगामा किया। इस कारण सदन की कार्यवाही बाधित हुई। इससे पहले विपक्षी सदस्यों ने सदन के बाहर भी रोजगार के मसले पर प्रदर्शन किया। प्रतिपक्ष के नेता अमर कुमार बाउरी ने सरकार पर वादाखिलाफी का आरोप लगाते हुए कहा कि राज्य के युवाओं के साथ–साथ सरकारी और अनुबंधित कर्मचारी भी सरकार के रवैये से असंतुष्ट हैं।

****

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कहा है कि देश की सकल घरेलू उत्पाद–जीडीपी आठ प्रतिशत की दर से बढ़ रही है और वह दिन दूर नहीं जब यह वैश्विक स्तर पर तीसरी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बन जाएगी। आज नई दिल्ली में विकसित भारत की ओर यात्रा नामक सम्मेलन के उद्घाटन सत्र को संबोधित करते हुए श्री मोदी ने कहा कि महामारी से जूझने के बाद भी भारत नई ऊंचाइयों पर पहुंच गया है।

****

राज्य के नवनियुक्त राज्यपाल संतोष गंगवार कल पद और गोपनीयता की शपथ लेंगे। झारखंड हाईकोर्ट के कार्यवाहक मुख्य न्यायाधीश सुजीत नारायण प्रसाद उन्हें शपथ दिलायेंगे। राजभवन में इसके लिए तैयारियां शुरु कर दी गयी हैं। श्री गंगवार आज शाम राजभवन पहुंचेंगे। वे झारखंड के 12वें राज्यपाल होंगे।

****

गिरिडीह जिले में पुलिस की तमाम कोशिशों के बाद भी साइबर अपराध की घटनाओं में कोई कमी नहीं आ रही है।

****

नीट यूजी 2024 काउंसलिंग का पहला राउंड अगले महीने की 14 तारीख से शुरू होगा। राज्यसभा में पूरक प्रश्नों का उत्तर देते हुए स्वास्थ्य राज्य मंत्री अनुप्रिया पटेल ने कहा कि सर्वोच्च न्यायालय के आदेश के अनुसार काउंसलिंग चार राउंड में होगी। सुश्री पटेल ने कहा कि पंजीकरण अगले महीने के पहले सप्ताह में शुरू होगा। पहले दौर की काउंसलिंग 14 अगस्त से 23 अगस्त के बीच होगी।

****